<u>समाचार</u>

# महापौर ने किया वार्ड क्र. 13 में निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण

## (कार्य की प्रगति व गुणवत्ता का लिया जायजा, शीघ्र कार्य पूरा करने के दिए निर्देश)




कोरबा 18 मई 2022 — महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 13 साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप निर्मित कराए जा रहे उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रविसिंह चंदेल, सहायक अभियंता एच.आर.बघेल एवं विनोद नेताम उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 13 में साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप महापौर मद से 07 लाख रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। इस कार्य में एक्युप्रेशर पाथवे का निर्माण, ओपनजिम की स्थापना, योगा मंच, बाउण्ड्रीवाल एवं गार्डन में उद्यानिकी आदि कार्य कराए गए हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त उद्यान के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया, उन्होने कार्य की गुणवत्ता एवं वर्तमान कार्य प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि यहॉ के नागरिकों के द्वारा उक्त उद्यान के निर्माण का अनुरोध बहुत समय से किया जा रहा था, उक्त उद्यान के निर्माण से यहॉ के निवासियों को प्रातः—सायं भ्रमण, योगा व स्वास्थ्य संबंधी अन्य

गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक सुविधापूर्ण स्थान प्राप्त हो जाएगा। उन्होने कहा कि कार्य अंतिम चरण में है तथा शीघ्र ही इसे वार्डवासियों की सेवा में समर्पित किया जाएगा।